## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 23.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना अतर्रा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगनेधी में दिनांक 01.09.2026 की रात्रि हुई चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 सगे भाईयो को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार । अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण व सामान आदि बरामद ।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने, चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं के सफल अनावरण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 23.09.2026 को थाना अतर्रा क्षेत्रांतर्गत ग्राम नगनेधी में चोरी की घटना का अनावरण करते हुए घटना में शामिल 02 सगे भाईयो को थाना अतर्रा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना अतर्रा क्षेत्र की रहने वाली आशा द्वारा दिनांक 11.09.2026 को थाना अतर्रा पर लिखित सूचना देकर बताया गया कि वह अपने परिवार के साथ काम के सिलसिले में दिल्ली गई हुई थी तभी दिनांक 01.09.2026 की रात्रि में चोरों द्वारा उनके घर में चोरी कर ली गई। सूचना के पर थाना अतर्रा पुलिस द्वारा तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरो, मौके पर मौजूद साक्ष्यो लगातार सुरागरसी-पतारसी करते हुए अभियुक्तों की पहचान की गई। मुखबिर की सूचना पर दोनों अभियुक्तो को खम्हौरा चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की घटना से का माल बरामद किया गया।

**बरामदगी-**

- 350 रुपए नगद
- 01 लाकेट पीली धातु 570 मिलीग्राम
- 02 कडा सफेद धातु 29 ग्राम
- 04 नथिया पीली धातु 930 मिलीग्राम
- 01 फ्रीज सैमसंग
- 01 पंखा एलजी
- 01 सिलाई मशीन
- 04 बोरी गेंहूँ 02 क्विंटल
- 02 बोरी चावल 01 क्विंटल

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. दीपू पुत्र बन्ना उर्फ हरवंश निवासी ग्राम नगनेधी थाना अतर्रा जनपद बांदा।
2. सलीम पुत्र बन्ना उर्फ हरवंश निवासी ग्राम नगनेधी थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0- 336/26 धारा 305(1)/331(4)/ 317(2) बीएनएस थाना अतर्रा जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. उ0नि0 श्री बालमुकुन्द शुक्ला
2. का0 नीलू आर्या
3. का0 अर्जुन वर्मा
4. का0 विकास वर्मा
5. का0 सचिन यादव